दिनांक 18 अप्रैल 2023 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

अत्याधुनिक हार्डवेयर एंड सॉफ्टवेयर सुविधा सहित भिलाई में तैयार होगा बीपीओ, युवाओं को मिलेगा रोजगार, महिलाओं को रोजगार देने के लिए तैयार होगा गारमेंट फैक्ट्री, 1500 लोगों को रोजगार देने की तैयारी, विधायक देवेंद्र यादव, महापौर नीरज पाल एवं निगमायुक्त रोहित व्यास ने स्थल का किया निरीक्षण

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत युवाओं को रोजगार के लिए अत्याधुनिक सॉफ्टवेयर एवं हार्डवेयर सुविधा सहित बीपीओ तैयार होगा। इसके लिए 10 करोड़ रुपए की राशि की स्वीकृति की घोषणा माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी के द्वारा की गई है। जिस पर तत्परता से अमल किया जा रहा है। इसके साथ ही गारमेंट फैक्ट्री तैयार किया जाएगा, इसके तैयार हो जाने से भी अधिकतर महिलाओं को रोजगार मिल पाएगा तथा बीपीओ के माध्यम से युवाओं को भी रोजगार से जोड़ा जाएगा। जिसके चलते 1500 लोगों को रोजगार मिलेगा। इन सभी महत्वपूर्ण घोषणाओं पर शीघ्रता से काम करने के लिए विधायक देवेंद्र यादव, महापौर नीरज पाल व निगम आयुक्त रोहित व्यास ने खुर्सीपार क्षेत्र के विभिन्न स्थलों का अधिकारियों के साथ स्थल का निरीक्षण कर जायजा लिया। इस मौके पर महापौर परिषद के सदस्य एवं लोक निर्माण विभाग के प्रभारी एकांश बंछोर भी विशेष रूप से मौजूद रहे। बता दे कि गारमेंट फैक्ट्री बनाने के लिए स्थल की तैयारी प्रारंभ हो चुकी है, बीपीओ के लिए स्थल लगभग तय हो चुका है। नवीन महाविद्यालय की नई बिल्डिंग निर्माण के लिए भी आज स्थल का निरीक्षण किया गया। भिलाई के खिलाड़ियों को सुविधा देने के लिए शहर में शानदार स्पोर्ट्स कांप्लेक्स एवं स्विमिंग पूल बनाने की तैयारी की जा रही है। संयुक्त निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त पूजा पिल्ले, कार्यपालन अभियंता संजय बागड़े, लोक निर्माण विभाग के उप अभियंता तिवारी आदि मौजूद रहे।